# भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश

## -: बी0 एस0 जी0 स्किल प्रतियोगिता :-

## (स्काउट/गाइड)

**प्रादेशिक मुख्यालय : गोल मार्केट, महानगर, लखनऊ**

**E mail : upscoutsguides@yahoo.com**

**Website : www.bsgup.org**

फोन : 0522-4323838
9839392275

# भारत स्काउट और गाइड, उ० प्र०

प्रादेशिक प्रधान कार्यालय : स्काउट भवन, गोल मार्केट, महानगर, लखनऊ – 226006
E-mail : upscoutsguides@yahoo.com, Website : www.bsgup.org
रजिस्ट्रेशन संख्या एस० 1-9407/1959-1960

| मुख्य संरक्षक | उप मुख्य संरक्षक | अध्यक्ष | मुख्यायुक्त |
| --- | --- | --- | --- |
| माननीय श्री राज्यपाल | माननीय मुख्यमंत्री | डा०महेन्द्र सिंह | डा० प्रभात कुमार |
| उ० प्र० | उ० प्र० | पूर्व मन्त्री "जल शक्ति" | आई०ए०एस०(से०नि०) |
| | | उ० प्र० | पूर्व अध्यक्ष, लोक सेवा आयोग, उ० प्र० |

**पत्रांक संख्या – संग०-59/291/2026-27** **दिनांक - 08/05/2026**

**सेवा में,**

समस्त जिला मुख्यायुक्त
भारत स्काउट और गाइड,उ0प्र0

**विषय – बी0एस0जी0 स्किल प्रतियोगिता के सम्बन्ध में।**

**महोदय/महोदया.**

युवाओं के शारीरिक,बौद्विक,चारित्रिक और सामाजिक विकास के साथ–साथ आत्मनिर्भता और नेतृत्व क्षमता को बढ़ावा देने के लिए **बी0एस0जी0 स्किल प्रतियोगिता** का आयोजन मण्डल एवं प्रदेश स्तर पर किए जाने का निर्णय लिया गया है,जिससे सम्बन्धित विस्तृत दिशा–निर्देश संलग्न कर प्रेषित किए जा रहे हैं।

अतः आपसे अनुरोध है कि बी0एस0जी0 स्किल प्रतियोगिता में अपने जनपद से निर्धारित संख्या के अनुसार स्काउट्स/गाइड्स की प्रतिभागिता सुनिश्चित कराने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

**संलग्नक–उक्तवत।**

भवदीय

(डॉ0 प्रभात कुमार)
प्रादेशिक मुख्यायुक्त

**प्रतिलिपि सूचनार्थ–**

1- जिलाधिकारी/जिला अध्यक्ष,भारत स्काउट और गाइड,उ0प्र0।
2- समस्त प्रादेशिक आयुक्त,भारत स्काउट और गाइड,उ0प्र0।
3- समस्त सहायक प्रादेशिक आयुक्त,भारत स्काउट और गाइड,उ0प्र0।
4- प्रादेशिक सचिव, भारत स्काउट और गाइड,उ0प्र0।
5- प्रादेशिक संगठन आयुक्त,(स्का0/गा0/आई0टी0),भारत स्काउट और गाइड,उ0प्र0।
6- प्रादेशिक प्रशिक्षण आयुक्त(स्का0/गा0), भारत स्काउट और गाइड,उ0प्र0।
7- समस्त सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त,(स्का0/गा0),भारत स्काउट और गाइड,उ0प्र0 को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
8- समस्त जिला विद्यालय निरीक्षक/जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,उ0प्र0।
9- समस्त जिला सचिव, भारत स्काउट और गाइड,उ0प्र0।
10- समस्त जिला संगठन आयुक्त,(स्का0/गा0),भारत स्काउट और गाइड,उ0प्र0 को जनपद से प्रतिभागिता कराने के सम्बन्ध में।

(डॉ0 प्रभात कुमार)
प्रादेशिक मुख्यायुक्त

# भारत स्काउट और गाइड,उत्तर प्रदेश
## बी0 एस0 जी0 स्किल प्रतियोगिता
## स्काउट/गाइड

**भारत स्काउट और गाइड का मुख्य उद्देश्य युवाओं का शारीरिक,बौद्विक,चारि़त्रिक और सामाजिक विकास करना है। साथ ही आत्मनिर्भरता और नेतृत्व क्षमता को बढ़ावा देना है। इस प्रतियोगिता से स्काउट/गाइड बच्चों में आत्मनिर्भरता, अनुशासन और नेतृत्व की भावना विकसित करना है, ताकि उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनाया जा सके।**

**प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य** – प्रतियोगिता के प्रमुख उद्देश्य निम्नलिखित हैं:–

- **शैक्षिक विकास**–करके सीखने के माध्यम से व्यवहारिक ज्ञान प्रदान करना।
- **कौशल विकास**–स्काउट/गाइड शिल्प (जैसे–गॉठ बॉधना, प्राथमिक चिकित्सा टेण्ट बनाना) का प्रशिक्षण और कौशल बढ़ाना।
- **व्यक्तित्व विकास** –चरित्र निर्माण, आत्मविश्वास और अनुशासित जीवन की आदतों को विकसित करना।
- **नेतृत्व क्षमता**–निर्णय लेने की क्षमता और साहसिक भावना को प्रोत्साहित करना।
- **सेवा भाव**–दूसरों की सहायता करने और समाज सेवा के लिए प्रेरित करना।

**बी0एस0जी0 स्किल प्रतियोगिता के सम्बन्ध में दिशा निर्देश निम्नवत है–**

**(1) बी0एस0जी0 स्किल प्रतियोगिता की श्रेणी**–बी0एस0जी0 स्किल प्रतियोगिता राजस्व जनपदों के स्काउट/गाइड हेतु आयोजित होगी।

**(2) बी0एस0जी0 स्किल प्रतियोगिता हेतु अर्हता– (01.07.2026 को)**

| क्रम संख्या | सम्वर्ग | अर्हता |
|---|---|---|
| 1 | स्काउट/गाइड | 10 से 17 वर्ष के बीच की आयु |

1. प्रतिभाग करने वाले स्काउट/गाइड की यूनिट पंजीकृत एवं अद्यतन नवीनीकृत होनी अनिवार्य है।
2. प्रतिभागियों की बी0एस0जी0यू0आई0डी0 होनी अनिवार्य है।
3. न्यूनतम तृतीय सोपान उत्तीर्ण स्काउट/गाइड ही प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर सकते हैं।

**(3) स्किल प्रतियोगिता हेतु पुरस्कार धनराशि –**

| क्रम संख्या | पुरस्कार | पुरस्कार धनराशि (स्काउट) | पुरस्कार धनराशि (गाइड) |
|---|---|---|---|
| 1 | प्रथम | 50,000/– | 50,000/– |
| 2 | द्वितीय | 40,000/– | 40,000/– |
| 3 | तृतीय | 30,000/– | 30,000/– |

(4) **स्किल प्रतियोगिता का आयोजन**–बी0एस0जी0 स्किल प्रतियोगिता 02 स्तर पर आयोजित की जायेगी –

**1. मण्डल स्तर पर–**

(1) प्रत्येक जनपद से 11 स्काउट्स एवं 11 गाइड्स प्रतिभाग करेंगे।

(2) प्रतिभागियों का चयन जिला मुख्यायुक्त,जिला कमिश्नर(स्का0/गा0), जिला सचिव के निर्देशन में जिला संगठन आयुक्त (स्का0/गा0) के द्वारा किया जायेगा।

(3) प्रतियोगिता का आयोजन सितम्बर माह में सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त(स्का0/गा0) के निर्देशन में किया जायेगा।

(4) मण्डल के सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (स्का0/गा0) प्रतियोगिता का संचालन करेंगे।

(5) प्रतियोगिता प्रदेश द्वारा निर्धारित विषयों पर आयोजित की जायेगी।

(6) प्रतियोगिता का मूल्यांकन कुल 100 अंकों का होगा। मूल्यांकन प्रदेश द्वारा विषयवार निर्धारित अंकों के आधार पर किया जायेगा।

**2.. प्रादेशिक स्तर पर –**

(1) प्रत्येक मण्डल में सर्वोत्तम प्रदर्शन करने वाले **11** स्काउट्स एवं **11** गाइड्स प्रतिभाग करेंगे।

(2) प्रतिभागियों के चयन का सम्पूर्ण उत्तरदायित्व मण्डल के सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (स्का0/गा0) का होगा।

(3) प्रदेश स्तर पर प्रतियोगिता का आयोजन अक्टूबर माह में किया जायेगा।

(4) प्रतियोगिता का मूल्यांकन कुल 100 अंकों में किया जायेगा।

**(5) स्किल प्रतियोगिता के विषय एवं निर्धारित अंक – (कुल 100 अंक)**

| क्रम संख्या | विषय | निर्धारित अंक |
|---|---|---|
| 1 | मार्चपास्ट तथा टर्न आउट | 20 अंक |
| 2 | पेट्रोल पायनियरिंग | 15 अंक |
| 3 | कैम्प क्राफ्ट | 15 अंक |
| 4 | प्राथमिक चिकित्सा | 10 अंक |
| 5 | अनुमान लगाना | 10 अंक |
| 6 | सिंग्नलिंग (सीमाफोर या मोर्स या ममोमा विधि से) झण्डियों/डिस्क द्वारा) | 10 अंक |
| 7 | बी0एस0जी0ज्ञान प्रतियोगिता | 20 अंक |

**नोट– प्रतियोगिता हेतु स्काउट और गाइड की संख्या एवं आयोजन तिथि में आवश्यकतानुसार प्रादेशिक मुख्यालय द्वारा परिवर्तन किया जा सकता है।**

**प्रतियोगिता विषयों का विस्तृत विवरण –**

1. **मार्चपास्ट एवं टर्न आउट** – इस प्रतियोगिता में कुल 11 सदस्य भाग लेंगे। प्लाटून तीन–तीन की पंक्ति में मार्च करेगी। (सैल्यूट, कमाण्ड, स्मार्टनेस, लीडरशिप, यूनीफार्म एवं सही मार्चिंग के आधार पर मूल्यांकन किया जायेगा)

| नाम | स्काउट्स | गाइड्स |
|---|---|---|
| प्ले कार्ड होल्डर | 01 | 01 |
| लीडर | 01 | 01 |
| स्काउट्स / गाइड्स | 09 | 09 |
| **कुल** | **11** | **11** |

**मूल्यांकन–**

1. सैल्यूट,कमाण्ड,स्मार्टनेस,लीडरशिप,यूनीफार्म एवं सही मार्चिंग के आधार पर मूल्यांकन किया जायेगा।
2. मार्चिंग का क्रम तय नियम के अनुसार ही होना चाहिए।
3. यदि प्लाटून का क्रम निर्धारण टीम द्वारा नहीं किया जाता है,तो मूल्यांकन प्रभावित होगा।
4. मार्चिंग एवं टर्न आउट के दौरान सभी प्रतिभागियों में तालमेल होना आवश्यक है।

2. **पेट्रोल पायनियरिंग (पुल,झोपड़ी,गेट,टावर आदि) 01 टोली द्वारा –**

पेट्रोल पायनियरिंग के अन्तर्गत प्रत्येक टीम पुल,. झोपड़ी, गेट / टावर का निर्माण करेगी। जिसमें प्रत्येक टीम से **06** प्रतिभागी प्रतिभाग करेंगे। मूल्यांकन प्रोजेक्ट की उपयोगिता, गॉठों और रस्सियों की शुद्वता, कौशल, निर्माण एवं प्रोजेक्ट के आकार पर किया जायेगा।

**मूल्यांकन –**

1. पायनियरिंग प्रोजेक्ट का मूल्यांकन गांठों की मजबूती,बन्धन की सटीकता और बन्धन के उपयोग पर होगा।
2. पायनियरिंग प्रोजेक्ट में प्रयुक्त लकड़ी और रस्सी का चुनाव प्रोजेक्ट के भार के अनुरुप होना चाहिए।
3. प्रोजेक्ट के संतुलन, भार वहन क्षमता के आधार पर होगा।
4. प्रोजेक्ट की निर्धारित समयावधि में पूर्ण किए जाने के आधार पर होगा।
5. टीम वर्क के आधार पर किया जायेगा। प्रोजेक्ट निर्माण में पूरी टोली के द्वारा निर्माण कार्य में सहयोग किया जाना चाहिए।

**नोट–**

1. प्रतियोगिता का निर्धारित समय **02 घण्टे** का होगा।
2. टावर की ऊँचाई **15 फिट** से अधिक नहीं होना चाहिए।
3. यदि टावर की ऊँचाई 15 फिट से अधिक होती है,तो अंकों में कटौती की जायेगी।

3. **कैम्प क्राफ्ट**– कैम्पिंग प्रतियोगिता के अर्न्तगत प्रत्येक टीम को निर्धारित स्थल पर टेण्ट का निर्माण करना होगा। कैम्पिंग में टेण्ट पीचिंग के साथ–साथ उपयोगी गैजेट्स का निर्माण, उपकरण,सूखे एवं गीले कचरे हेतु गड्ढ़ा, साथ ही टेण्ट की साफ सफाई,सजावट इत्यादि के आधार पर मूल्यांकन होगा। (**प्रतियोगिता में एक टीम से 06 प्रतिभागी प्रतिभाग करेंगें**)।

**मूल्यांकन –**

1. टेण्ट निर्माण में लगने वाले समय के आधार पर किया जायेगा।
2. टेण्ट के आकार और उसके तनाव(कसावट) के आधार पर।
3. टेण्ट की स्थिरता/मजबूती (हवा,पानी) जैसी प्रतिकूल परिस्थितियों के आधार पर।
4. टीम वर्क के आधार पर मूल्यांकन किया जायेगा।

4. **प्राथमिक चिकित्सा –**

1. एक टीम से कुल **06 प्रतिभागी** प्रतिभाग करेंगे।
2. प्रथम सोपान से लेकर तृतीय सोपान तक के पाठयक्रम पर अधारित होगा।
3. प्राथमिक चिकित्सा बॉक्स, रक्तस्राव को रोकना,त्रिकोणी पट्टी से बैंडेज बॉधना, सिर, हाथ या पैर की चोट पर सही तरीके से पट्टी बॉधना), जलने/डूबने का उपचार करना और फ्रैक्चर की स्थिति में घायल को ले जाने के लिए (एक व्यक्ति,दो व्यक्ति (जैसे–चार हाथों वाली कुर्सी ) ट्रेचर बनाना इत्यादि के आधार पर किया जायेगा।

**मूल्यांकन–**

1. प्राथमिक चिकित्सा करने वाले की सुरक्षा एवं घायल की सुरक्षा के दृष्टिकोण के आधार पर किया जायेगा।
2. व्यवहारिक कौशल,त्वरित निर्णय लेने की क्षमता के आधार पर किया जायेगा।
3. पट्टी बॉधने की सही कला,स्ट्रेचर तैयार करने एवं घायल को स्ट्रेचर के माध्यम से चिकित्सक तक पहुॅचाने के तकनीकी बिन्दुओं के आधार पर किया जायेगा।

5. **अनुमान लगाना –** एक टीम से कुल **06 प्रतिभागी** प्रतिभाग करेंगे। मूल्यांकन का मुख्य आधार व्यवहारिक सटीकता, आत्म माप का ज्ञानऔर वास्तविक माप के साथ अनुमानित अन्तर होता है। यह दूरी, ऊॅचाई, चौड़ाई और संख्या का सटीक आकलन करने की क्षमता को परखता है। इसमें व्यक्तिगत अनुभवों और तकनीकों का उपयोग किया जाता है। यह प्रथम सोपान से लेकर तृतीय सोपान तक के पाठयक्रम के आधार पर प्रतियोगिता का मूल्यांकन किया जायेगा।

**मूल्यांकन –**

1. स्काउट/गाइड को अपने शरीर के अंगों (जैसे–हाथ का विस्तार, अॅगूठे की लम्बाई, कदमों की दूरी) का सही ज्ञान होना चाहिए।
2. अनुमानित दूरी/ऊॅचाई और वास्तविक माप के बीच में कितना अन्तर है,इस पर मूल्यांकन होना है। त्रुटि कम होने का अर्थ बेहतर प्रदर्शन है।

**6. <u>सिंग्नलिंग</u> (सीमाफोर या मोर्स या ममोमा विधि से) झण्डियों/डिस्क द्वारा )** – यह आपात स्थितियों में स्काउट/गाइड के संचार को तेज करने के लिए किया जाता है। सिंग्नलिंग (संकेत प्रणाली) का मूल्यांकन उनके संचार कौशल, गति और सटीकता को मापने के लिए किया जाता है, जिसमें मुख्य रुप से सीमाफोर ( ध्वज संकेत), मोर्स या ममोमा शामिल है। सदस्यों के बीच त्वरित संवाद सुनिश्चित करने का यह एक महत्वपूर्ण माध्यम है। इस प्रतियोगिता में एक यूनिट से **04 प्रतिभागी** प्रतिभाग करेंगे। इसका प्रयोग मुख्य रुप से आपात स्थितियों में किया जाता है।

**मूल्यांकन –**

1. संदेश को कितनी तेजी से और बिना किसी गलती के प्रेषित किया गया है और समझा गया है, के आधार पर उनको नम्बर मिलेगा।

**नोट–(1) प्रतियोगिता के लिये समय 10 मिनट का होगा।**

**(2) प्रतियोगिता हेतु संदेश प्रतियोगिता शुरु होने पर लिखित रुप में प्रत्येक प्रतिभागी टीम को कार्यक्रम संचालक द्वारा दिया जायेगा।**

**<u>7.बी0एस0जी0ज्ञान प्रतियोगिता</u> –** इसका मुख्य उद्‌देश्य स्काउट/गाइड को प्रोत्साहित करना और उनके ज्ञान का परीक्षण करना है। यह प्रतियोगिता स्काउटिंग/गाइडिंग के सिद्वान्तों,इतिहास,नियम और सामान्य ज्ञान को बढ़ावा देने के साथ–साथ युवाओं में रचनात्मकता,अनुशासन और राष्ट्र सेवा की भावना विकसित करते हुए एक जिम्मेदार नागरिक के रुप में तैयार करना है।

**मूल्यांकन –**

1. **प्रतियोगिता लिखित रुप में आयोजित की जायेगी।**
2. **परीक्षा बहुविकल्पीय प्रश्नों के आधार पर होगी।**
3. **मण्डल स्तर पर प्रश्न पत्र तैयार करने की समस्त जिम्मेदारी सम्बन्धित सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त(स्का0/गा0)की होगी।**
4. **परीक्षा कुल 50 अंकों की होगी।**
5. **प्रत्येक प्रश्न 01 अंक का होगा।**
6. **परीक्षा का निर्धारित समय 01 घण्टे का होगा।**

**(6) पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रक्रिया–** प्रदेश स्तर पर चयनित प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त जनपद की टीम को प्रदेश स्तर पर पुरस्कार की धनराशि एवं प्रमाण पत्र तथा प्रत्येक टीम के प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिए जायेंगे।

**================XXX===============**